# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 30.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपद में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं ड्रोन संबंधी अफवाहों के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने सर्किल/थानाक्षेत्रों में रात्रिगश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस को कानून हाथ मे न लेने और संदिग्घ व्यक्ति/वस्तु की जानकारी होने पर अपने थानें को सूचना दे तथा अफवाहो पर ध्यान न देने के संबंध मे जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा दिनांक 29/30.09.2025 की रात्रि में अपने-अपने सर्किल/थानाक्षेत्रों में पुलिस द्वारा इस अभियान में बताया गया कि संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। ग्रामीणों से अपेक्षा है कि वे शांति एवं संयम बनाए रखें और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। पुलिस प्रशासन आश्वस्त करता है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। कानून को अपने हाथ में न ले क्योकि अफवाहों के आधार पर किसी निर्दोष व्यक्ति से मारपीट करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। किसी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु कि सूचना तत्काल नजदीकी थानों व आपातकालीन नम्बर डायल 112 पर साझा करें।

प्रेस नोट दिनांक 30.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत क्षेत्राधिकारी बांसी, थानाध्यक्ष खेसरहा व मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के "ग्राम पूरनजोत के पंचायत भवन खेसरहा सिद्धार्थनगर" के महिलाओ को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु मिशन शक्ति फेज-05 अभियान" के तहत प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी व अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा व मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र खेसरहा के ग्राम पूरनजोत के पंचायत भवन पर महिलाओ व गांव के लोगो के साथ चौपाल किया गया जिसमे क्षेत्राधिकारी बांसी व थानाध्यक्ष महोदय व चौकी प्रभारी द्वारा सम्बोधन किया गया एवं मिशन शक्ति में दिये गये निर्देशो के बारे में बताया गया व मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पंपलेट/फोल्डिंग/स्टीकर वितरित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, और एम्बुलेंस सेवा 102/108 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओ को बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या समस्या के समय वे बिना किसी झिझक के इन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी शिकायतों को गोपनीय रखा जाएगा और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। चौपाल के दौरान महिलाओ को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण बाते बताई गयी, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें।महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और निर्भीक होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। चौपाल में ग्राम प्रधान श्री घनश्याम लोधी,ग्राम पंचायत कठमोरवा के ग्राम प्रधान श्री अनिल कुमार पासवान,नासिरगंज के पूर्व प्रधान श्री अब्दुल सलाम खान , एवं गांव सम्भ्रांत लोग राजेश कुमार पासवान रंजय, राजेन्द्र, रामउजागिर यादव आदि लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। चौपाल/कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 30.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा योगमाया मंदिर जोगिया उदयपुर में महिलाओ को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान, महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता " के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 30.09.2025 को थाना प्रभारी प्रशिक्षु उपाधीक्षक रोहिनी यादव थानाध्यक्ष मीरा चौहान के निर्देशन में उप निरीक्षक कपिल मुनि यादव व का० प्रदीप उपाध्याय म०का०पूजा यादव, म०हे०का० पूनम गुप्ता म०का० सुशीला कुशवाहा द्वारा योगमाया मंदिर जोगिया में छात्र छात्राओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया. यातायात नियमों के पालन के लिये निर्देशित किया गया।**

**प्रेस नोट- दिनांक 30/09/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा सिद्धार्थनगर थानाक्षेत्र के महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया।**

ड़ॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 30/09/2025 को दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर उ0नि0 पंनेलाल, आ0 शुभम रावत ,म0हे0का0 संगीता सिंह म0आ0 अन्नप्रिया वर्मा, म0आ0 अनिशा सरोज व द्वारा महदेवा बाजार, धौरी कुइया गावं,रेलवे एवं बस स्टेशन पर बालिकाओं व महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनांक 30.09.2025 महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆महिला थाना पुलिस जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाने पर स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र/मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना के मात्र 09 दिन में ही दो परिवारों के वीच हुए मनमूटाव को दूर करते हुए 21 जोड़ों को एक साथ विदा किया गया।**

◆माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 21.09.2025 को उत्तर प्रदेश के सभी जनपद के समस्त थानों पर महिला सुरक्षा केन्द्र/मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना की गई जिसके क्रम में डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 30.09.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र/मिशन शक्ति केंद्र द्वारा मात्र 09 दिनों में ही तलाक के कगार पर खड़े 21 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया तथा 21 परिवारों को बिखरने से बचाने में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय, काउंसलिंग टीम में उपनिरीक्षक राम नारायण शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़ व रीना रावत, महिला आरक्षी नेहा सिंह, प्रियंबदा सिंह, संगीता गौतम , रीना व प्रगति राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावली का विवरण--**

01.अफसाना पत्नी अब्दुल रहमान साकिन नाख्थर देवरिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
02.खदीजा पत्नी जावेद अहमद साकिन गदहमरवा थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
03.पुष्पा पत्नी धर्मशेर साकिन परसौना थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
04.संध्या पत्नी रामचंद्र साकिन अमघटी थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
05.रंजू गुप्ता पत्नी सुग्रीव साकिन बरदहवा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
06.जाहिदा पत्नी मकसूद साकिन बढ़या थाना धर्मसिंघवा जनपद संत कबीर नगर।
07.पूजा चौहान पत्नी रामकरन साकिन कजरी थाना नौतनवा जनपद महाराजगंज।
08.चंदा पत्नी सुद्दू शकीन तिवारीपुर थाना वासी जनपद सिद्धार्थनगर।
09.सजरूनिशा पत्नी मुकीम साकिन धीरौली थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
10.मनीषा पत्नी संतोष साकिन केवटली थाना देबारुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
11.सबीना पत्नी सिराजुद्दीन साकिन एकडेगवा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
12.आफरीन जहां पत्नी इशरत अली साकिन अगया खुर्द थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
13.सबीरा पत्नी अली कमल साकिन चरहानी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
14. रुक्मणी पत्नी सूरज साकिन विनयका थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
15.शालू पत्नी संदीप साकिन सिसवा थाना देबारुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
16. निर्जला पत्नी अमन साकिन सिसहनिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर
17. नीतू पत्नी आनंद साकिन दातरंगवा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
18.संभावती पत्नी इंद्रजीत साकिन सिरसिया थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
19.मीरा पत्नी जीत बहादुर साकिन कोईरीडीहा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
20.खुशबू पत्नी सतीश चंद्र साकिन धूम्हवा थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
21.अर्चना पत्नी सुनील साकिन बढ बढ थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 30.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा "मिशन शक्ति फेज-05 अभियान" के तहत थानाक्षेत्र बांसी के रामविलास इस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एण्ड मेडिकल सांइसेस की अध्यापिकाओं/छात्राओं के साथ महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के प्रति संवाद स्थापित कर जागरूक किया गया।**

**◆अध्यापिरकाओं/छात्राओ को मिशन शक्ति फेज-05 व सेल्फ डिफेन्स आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।**

**◆पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा थाना बांसी पर स्थापित "मिशन शक्ति केन्द्र" व थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत पूरे प्रदेश में व्यापक पैमाने पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 30.09.2025 को बांसी पुलिस की ओर से रामविलास इस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एण्ड मेडिकल सांइसेस सोनखर में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र श्री संजीव कुमार व प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में एक सशक्त और प्रेरणादायक कार्यक्रम "मिशन शक्ति फेज-05" का आयोजन किया गया। "मिशन शक्ति फेज-05" कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत कालेज की अध्यापिकाओं/छात्राओं से डीआईजी बस्ती द्वारा संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमो, हेल्पलाइन नंबरो 1090, 181, 112, 1076 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें मिशन शक्ति फेज-5 का पम्पलेट वितरित किया गया तथा प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना तथा एन्टीरोमियो प्रभारी द्वारा छात्राओं को मिशन शक्ति फेज-05 व सेल्फ डिफेंस आदि के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया। इसी क्रम में महोदय द्वारा थाना बांसी पर स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र व थाना परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद , एएसपी/क्षेत्राधिकारी सदर श्री विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी , प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व एन्टीरोमियों प्रभारी मय टीम सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 30.09.2025 थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेंजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में श्री प्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 30.09.2025 को अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-173/2025 धारा 137(2),87,65(1) भारतीय न्याय संहिता-2023 व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः--**

**01. अनवारुल हक पुत्र अब्दुल हक निवासी टिकरिया थाना डुमरियागंज जनपद-सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0 नि0 उमेश चन्द यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02. हे0का0 विपिन सिंह थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03. आऱक्षी महेश चन्द्र यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 30.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन "मिशन शक्ति फेज-05" अभियान के तहत थाना शिवनगर डिड़ई पर स्व0 प्यारी देवी बालिका इंटर कॉलेज मसीना खाश विद्यालय के 12वीं की छात्रा को "एक दिन का प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिड़ई" बनाया गया तथा प्रभारी निरीक्षक/छात्रा को थाने के अभिलेखों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

आज दिनांक 29.09.2025 को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थ नगर श्री प्रशान्त कुमार व क्षेत्राधिकारी बांसी जनपद सिद्धार्थनगर श्री मंयक द्विवेदी के पर्यवेक्षण व थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिड़ई मनोज कुमार त्रिपाठी द्वारा मिशन शक्ति फेज 05" अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद सिद्धार्थनगर में महिलाओं/बालिकाओं के सशक्तिकरण, विश्वास व जागरूकता का वातावरण बनाने के उद्देश्य से स्व0 प्यारी देवी बालिका इंटर कॉलेज मसीना खाश विद्यालय के 12वी की छात्रा गरिमा मौर्या को थाना शिवनगर डिड़ई के "एक दिन का प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिड़ई" बनाया गया। इस दौरान छात्रा द्वारा थाने पर आने वाले आम जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुना गया तथा थानाध्यक्ष/छात्रा को थाने के अभिलेखों की जानकारी दी गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 30.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज-5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में महिलाओं/छात्राओं/बालिकाओं को किया गया जागरुक।

◆महिलाओं/बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा महिला चौपाल लगाकर संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु मिशन शक्ति फेज-05 अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 30.09.2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद के थानो पर नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र की महिलाओं/ बालिकाओं को सुरक्षा के सम्बन्ध में बताया गया तथा महिलाओं व बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु शारदीय नवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत मन्दिरों, धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिस बल की ड्युटी लगाई गई है। शारदिय नवरात्रि के शुभारम्भ के अवसर पर मन्दिरों, धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर महिला चौपाल लगाकर महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई तथा एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

**प्रेस नोट- दिनांक 30-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा, दशहरा/विजयदशमी के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 30.09.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा, दशहरा/ विजयदशमी के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया । आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गयी। समस्त थाना क्षेत्रों मे पूजा पंडाल/दुर्गा प्रतिमा स्थलों पर लगातार भ्रमण किया जा रहा है एवं सतर्क दृष्टि रखी जा रही है ।